Constipation.
Cervical Spondylitis, Hypothyroidism.

PAGE No.
DATE 11/12/14

Shivpratap Yadav. Mobile No [redacted]

मै शिवप्रताप आर यादव मुम्बई विद्युत पुरवठा आणि परिवहन
उपक्रम मे बस चालक हुँ मै मजास आगार मे कार्यरत हुँ
मुझे 2011 से सरदर्द कि तकलीफ कि शुरुवात हुई, अक्सर
सरदर्द मे एनाल्जेसिक लेकर लोग समस्या का समाधान
कर लेते है। मुझे इससे सन्तुष्टी नही हुई मै महात्मा
गान्धी हास्पिटल जाकर एम. डी. डाक्टर को बताया
जहा पर मुझे उन्होने एक्स रे व ब्लड टेस्ट कि सलाह
दिया टेस्ट के बाद मुझे उन्होने ने बताया आप को
सर्वाइकल स्पोंडिलाइटिस कि बिमारी है। वहीं पर
मै तीन महीने इलाज करवाया मुझे कोई खास आराम
नही हुआ जब तक दवाईयो का असर होता तब
तक दर्द अनुभव नही होता था जब दवाई का असर
खत्म दर्द पुनः शुरु हो जाता था, वहाँ से इलाज
बन्द कर दिया इसके बाद सदानन्द दाभेल हास्पिटल
कोकडोगरी अन्धेरी से इलाज शुरु किया एम आर आई
ब्लड टेस्ट हुआ जिसमे मुझे बताया गया आप को तीन
समस्या है। स्पोंडिलाइटिस - थायराइड - व कान्सीपेशन
वहाँ से तीन बिमारियो का इलाज शुरु हुआ, एक साल
तक इलाज करवाया मुझे समस्या मे बिमारी मे कुछ
अन्तर महसूस नही हुआ इसके बाद मै एक दिन रविवार
को गूगल सर्च किया खास होमियोपैथिक डाक्टर का जिसमे
स्पांडिलाइटिस के डा. डाक्टरो का उल्लेख था जिसमे मुझे
डा० सुनिल मेहरा साहब ज्यादा करीब व नजदीक नजर
आए, मैने तय किया, क्यो न एक बार डा० सुनिल मेहरा
साहब से इलाज करवा कर देखु क्या प्रतिक्रिया होती
है स्थिती ऐसी थी एक हफ्ते मे चार दिन काम करता था
दो या तीन दिन बिमारी से परेशान रहता था सरदर्द से
तंग आ चुका था मै बेस्ट से राजीनामा देने को
स्थिती मे आ चुका था क्यो कि काम करना असम्भव
हो गया था इसलिए मै एक अन्तीम प्रयास और

NEXT PAGE

करना चाहता था जिसमे हमारे पड़ोसी कृष्णा होमियोपैथिक मेडिकल स्टोर के संचालक परेश भाई जी का महान योगदान रहा, इन्होने भी मुझे डा० सुनिल मेहरा के पास जाने कि सलाह दिया, मै यहाँ पर दो महीने से अपना इलाज करवा रहा हूँ, तीन बिमारियो का मै दो महीने मे कभी-भी सरदर्द व अन्य बिमारियो से कभी-भी अनुभव नही किया अब तो स्थिती ऐसी है जिसे लोग कहते है सोने पे सुहागा न तो कार्य मे सुस्ती आती है और न कार्यक्षमता कम होती है हमेशा कार्यरत हूँ अब तो साईट सट से लोग साईट पर भी जाना होता है तो चला जाता हूँ पहले लोग साईट पर जाना होता था तो सर्टिफिकेट देकर हमेशा घर बैठ जाया करता था अब तो जैसे मुझमे कोई दिव्य शक्ती का समावेश सा हो गया है जिसमे मुझे थकावट व सुस्ती जैसी समस्या जैसे कभी थी ही नही ऐसा आभास होता है यह सब डा० सुनिल मेहरा साहब का अनुभव व प्रोफेशन का कमाल है जिसे मै आज अनुभव कर रहा हूँ, इसी के साथ मै अब लिखना समाप्त कर रहा हूँ मै प्रभु को धन्यवाद देता हूँ जिन्होने सही मंजिल तक पहुंचाया

11/12/2014